# नए अध्ययन केन्द्र खोलना आत्मनिर्भर मप्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि : यादव

## भोज मुक्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के मध्य नए अध्ययन केन्द्र खोलने का हुआ अनुबंध

भोपाल (काप्र)।

**उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोज मुक्त विश्वविद्यालय 134 नये अध्ययन केन्द्र खोलने जा रहा है, जो आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। इन केन्द्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन की सुविधा मिल सकेगी।**



डॉ. यादव मिन्टो हॉल में मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालयों के अनुबंध समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री एवं उपस्थितजनों ने सीधी बस दुर्घटना में मृतकों की आत्म-शांति के लिये दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि राजा भोज को हर क्षेत्र का ज्ञान था। इसे ध्यान में रखकर भोज मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है। यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सकल पंजीयन अनुपात को बढ़ाने में गंभीरता से निर्वहन करेगा। नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। डॉ. यादव ने रामचरित मानस से सामाजिक विकास पाठ्यक्रम एवं भोज कैलेण्डर का विमोचन किया। कार्यक्रम में 134 नये अध्ययन केन्द्र खोले जाने के लिये भोज विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के अनुबंध-पत्र आदान-प्रदान किये गये।

प्रमुख सचिव अनुपम राजन ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को अध्ययन की सुविधा देने की दिशा में लगातार प्रयास जारी है। उच्च शिक्षा के प्रति विभाग समर्पण भाव से कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

कुलपति डॉ. जयंत सोनवलकर ने कहा कि भोज मुक्त विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अपने अभिनव प्रयास कर रहा है। विश्वविद्यालय आधुनिक तकनीकों के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा के लिये नये-नये प्रयोग करने में कोई कमी नहीं छोड़ेगा। कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में भोज मुक्त विश्वविद्यालय के ऑडियो-वीडियो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. एस.एल. सोलंकी ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा पद्धति से आपकी शिक्षा-आपके द्वार के तहत 277 अध्ययन केन्द्रों से विद्यार्थियों को शिक्षा दी जा रही थी। अब 134 नये अध्ययन केन्द्र खुल जाने से 411 अध्ययन केन्द्रों द्वारा 2 लाख से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ ले सकेंगे। कार्यक्रम में अपर आयुक्त उच्च शिक्षा चन्द्रशेखर वालिम्बे, क्षेत्रीय निदेशक, अतिरिक्त संचालक, प्राचार्य एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# श्रद्धा का बसंत हमारे ह्रदय में भी आना चाहिएः मंदाकिनी



भोपाल(काप्र)।

**तुलसी मानस प्रतिष्ठान के तत्वावधान में वसंत पंचमी के अवसर पर वसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में परमपूज्य दीदी मंदाकिनी ने कहा कि रामचरितमानस में वसंत ऋतु को श्रद्धा की संज्ञा दी है। जहां संतों की सभा होती है उसे अमराई कहा है।**

आपने कहा कि वसंत में आम्र बौरा जाते हैं उसी तरह से हमारे अंतरहृदय में भी भगवान के प्रति श्रद्धा होनी चाहिये तभी जीवन में मंगल ही मंगल होता है। आपने सरस्वती देवी के चतुर्भुजी स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि जहां उनके कर कमलों में पुस्तक, वीणा, पुष्प के साथ माला भी दिखाई देती है। यह माला भगवत नाम के जाप का प्रतीक है। इसका अध्यात्मिक अर्थ है कि हम अपने अंतःकरण में उस परमतत्व का साक्षात्कार करें। आपने सरस्वती जयंती और उनकी आराधना के आध्यात्मिक अर्थ का विश्लेषण करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिये गये ज्ञान विवेक से ही अर्थ का अनर्थ नहीं हो पाता है। इसलिये लक्ष्मीजी के साथ सरस्वतीजी की कृपा होना आवश्यक है। आपने भारत के इस सांस्कृतिक,सामाजिक और धार्मिक पर्व को योग दिवस की तरह विश्व स्तर पर मनाने का आव्हान किया ताकि अज्ञान के अंधेरे से उत्पन्न समस्याएं सरस्वतीजी की कृपा से समाप्त हो जाएं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शोभना तिवारी ने कहा कि विद्या से विनय प्राप्त होती है और हमारे विचार पवित्र होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीमती जया आर्य ने कहा कि सरस्वतीजी की ही कृपा से सद्विचार हदय में आते हैं। ज्ञान की देवी सरस्वती जी की आराधना का यही आध्यात्मिक अर्थ है। कार्यक्रम में श्रीमती सुशीला शुक्ला, श्रीमती आशा श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। प्रारंभ में रघुनन्दन शर्मा, कार्याध्यक्ष, मुख्य अतिथि सुश्री मंदाकिनी रामकिंकर, सचिव कैलाश जोशी ने दीप प्रज्जवलन कर मां सरस्वती का पूजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# ऊर्जा मंत्री ने रासलाखेड़ी पहुँच पीड़ितों की समस्या का किया समाधान

## दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

भोपाल (काप्र)।

**ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आस्था प्रिंस बिहार कालोनी रासलाखेड़ी तहसील बैरसिया में बगैर विद्युत कनेक्शन बिजली बिल आने की खबर पर संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुँचे और पीड़ितों से बात की।**

श्री तोमर ने मध्य क्षेत्र विद्युत चीफ इंजीनियर डी.पी. अहिरवार को निर्देशित किया कि प्रकरण की जाँच कर दोषी अधिकारी के विरूद्ध तत्काल कार्यावाही करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। श्री तोमर ने ईटखेड़ी डिवीजन के अन्तर्गत लगाये गए नवीन ट्रांसफार्मरों की प्रक्रिया की जाँच करने और स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रिंस बिहार कॉलोनी के रहवासियों को जल्द स्थायी कनेक्शन भी दिये जायें। श्री तोमर मंगलवार की सुबह भोपाल एक्सप्रेस से जैसे ही हबीबगंज स्टेशन पहुँचे और समाचार-पत्र देखा तो उसमें एक खबर छपी थी कि रासलाखेड़ी की एक कॉलोनी में बगैर विद्युत कनेक्शन के बिजली बिल आ रहा है। श्री तोमर स्टेशन से बंगले न आकर सीधे रासलाखेड़ी रवाना हो गये। रासलाखेड़ी पहुँचकर पीड़ितों से मिले और मौके पर ही मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री सहित अन्य अधिकारियों को बुलाया और कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र के सभी अस्थायी विद्युत कनेक्शनों का भी भौतिक सत्यापन करें। उपभोक्ताओं को सही बिजली बिल दिये जायें।



## गैस सिलेंडर का किया मृत्युभोज

# कांग्रेस ने किया महंगाई के विरोध में अनोखा प्रदर्शन

भोपाल (काप्र)।

**मध्य प्रदेश कांग्रेस ने आज बढ़ती हुई महंगाई के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया। गैस सिलेंडर पर 75 रू. बढ़ाने के विरोध में गैस सिलेंडर का मृत्यू भोज आयोजित किया। प्रदर्शन में गैस सिलेंडर पर लिखा हुआ था कि 'मैं मरा नहीं हूं मोदी सरकार ने मेरी हत्या की है।'**



पीसीसी प्रांगण में आयोजित विरोध प्रदर्शन में मृत्युभोज के कार्यक्रम में परंपरागत चूल्हे पर टिक्कड़ एवं दाल बनाई गई तथा गरीबों एवं कार्यकर्ताओं को खिलाई गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जब यूपीए शासनकाल में क्रूड ऑयल 112 डालर प्रति बैरल हुआ करता था तब 60 रू. में पेट्रोल महंगा लगता था बीजेपी के लोगों को, अब क्रूड ऑयल 55 डालर प्रति बैरल है और पेट्रोल 100 रू. पार कर गया है। अब भाजपा के मंहगाई प्रेमी लोग कह रहे हैं कि महंगाई देश के हित में है।

प्रदर्शन में शामिल मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकार अपने चुनिंदा उद्योग पतियों 'हम दो-हमारे दो' के पेट्रोल पंपों को लाभ पहुंचाने के लिए महंगाई बढ़ा रही हैं।, आम आदमी आज सिलेंडर को मृत मानकर चूल्हे को अपना सहारा बना रहा है। भाजपा देश को चूल्हा युग में लौटा रही है। पूर्व महापौर विभा पटेल ने कहा कि बढ़ती हुई महंगाई की वजह से महिलाओं के घर का बजट गड़बड़ा गया है, केंद्र सरकार तुरंत महंगाई घटाए।

मीडिया विभाग की पहल पर कार्यक्रम के आयोजक सिद्धार्थ राजावत ने बताया कि बढ़ती हुई महंगाई के विरोध में गैस सिलेंडर की मृत्यु के शोक में शोक सभा आयोजित कर मृत्यु भोज रखा गया है। कार्यक्रम में प्रवक्तागण मिथुन सिंह अहिरवार, अजय सिंह यादव, अवनीश बुंदेला, विकी खोंगल, अब्बास हफीज, जितेंद्र मिश्रा, संतोष कंसाना, स्वदेश शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुलिस ने पांच पर केस दर्ज किया

# पीपुल्स अस्पताल के कर्मचारियों ने बेच दी 13 लाख रुपए की एक्सपायर दवा

भोपाल(काप्र)।

राजधानी के निजी हॉस्पिटल (पीपुल्स अस्पताल) में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने सभी को हैरत में डाल दिया है। बताया जा रहा है कि, अस्पताल में पंद्रह लाख रुपए की दवा में फर्जीवाड़ा कर रुपयों का गबन किया गया है। इस पूरे मामले में चौंकाने वाले बात यह है कि, अस्पताल के ड्रग स्टोर में काम करने वाले लोगों ने 13 लाख रूपये की एक्सपायर दवा भी बेंच डाली। जैसे यह मामला खुला तो अस्पताल प्रशासन के हांथ-पैर फूल गए। अब इस मामले में पुलिस ने अस्पताल की शिकायत पर धोखाधड़ी और गबन की धाराओं में पांच कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी सभी आरोपी फरार बताए जा रहे है। पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि, अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि वह एक्सपायर हो चुकी दवा को कंपनी को वापस कर देता है। जिसका कंपनी अस्पताल को सीधे खाते में भुगतान करती है। काफी दिनों तक जब अस्पताल प्रबंधन को कंपनी की तरफ से भुगतान नहीं आया तो स्टोर की जांच कराई गई। इसमें करीब 13 लाख रुपए की एक्सपायर दवा और 1 लाख 90 हजार की स्टोर से दवा गायब मिली। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस मामले में एक्सपायर दवा का लंबे समय से एक्सपायर दवा के भुगतान ही खाते में नहीं है। जब इस मामले में पूछताछ और स्टोर की जांच की तो गड़बड़ी सामने आई। हालांकि अस्पताल प्रबंधन से पूछताछ में आरोपी कर्मचारी अपने बचाव में कंपनी से ही भुगतान नहीं आने की बात कह रहे थे। इस सन्दर्भ में निशातपुरा पुलिस ने बताया कि पीपुल्स यूनिवर्सिटी के अस्पताल प्रबंधन की तरफ से शिकायत मिली थी। इसमें 15 लाख रुपए की दवा का गबन करने का मामला था। जिसकी फार्मेसी टीम से जांच कराई गई थी। यह गड़बड़ी फरवरी 2020 से फरवरी 2021 तक की गई। इस मामले में अस्पताल के ही पांच कर्मचारी अनुराग, दिनकर, धीरेन्द्र, प्रकाश और हरीश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि अभी पांचों फरार है।

## फोटो प्रतियोगिता चित्रमय भोपाल का आयोजन

**भोपाल ( काप्र )।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल अपनी विभिन्न शिक्षा और आगे ब?ने की गतिविधियों के तहत चित्रमय भोपाल अर्थात् सुरम्य भोपाल नामक एक फोटो प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इसके लिए भोपाल से संबंधित सांस्कृतिक विरासत, लोक संस्कृति और परंपराओं, पोशाक, लैंडस्केप, प्राकृतिक धरोहर, जीवन की श्रेणियों से संबंधित तस्वीरें आमंत्रित की गई हैं। प्रतियोगिता की शुरुआत की तारीख 15 फरवरी, 2021, अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2021, तस्वीरों का ऑनलाइन सबमिशन ईमेल igrmsphotography@gmail.com मे किया जाना है।

## प्रदेश में 22 से फिर लौटेगी ठंड

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। मंगलवार को भोपाल समेत कई इलाकों में बारिश हुई। इसका कारण बंगाल में आने वाली नमी से मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच ट्रर्फ बनना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले दो दिन बादल छाने और हल्की बारिश हो सकती है। वहीं 22 फरवरी से तापमान में गिरावट के साथ ठंड बढ़ सकती है। मौसम वैज्ञानिक जीडी मिश्रा ने बताया कि आने वाले दो से तीन दिनों तक उज्जैन को छोड़कर सभी संभाग में बादल छाने और हल्की बारिश होने की संभावना है। उज्जैन सूखा रहेगा। मौसम वैज्ञानिक जीडी मिश्रा ने बताया कि बसंत के बाद मौसम बदलता है। इसमें हल्की बारिश होती है। धीमी गति से हवा चलती है। इससे फसलों को नुकसान होने की संभावना कम रहती है। प्रदेश में ठंड लौटने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम खुलने के बाद 22 फरवरी के बाद ठंड फिर लौट सकती है।



## खास-खबर

### पेट्रोलिंग के दौरान मिला मृत बाघिन का शव

**भोपाल।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ रिजर्व के पनपथा बफर परिक्षेत्र में पेट्रालिंग के दौरान एक मादा बाघिन का शव पाया गया। इसकी आयु लगभग 4 वर्ष की है। बांधवगढ़ रिजर्व क्षेत्र संचालक बिसेंट रहीम ने बताया कि पनपथा बफर परिक्षेत्र की वीट जाजागढ़ के कक्ष क्र.आर.एफ.395 में भदार नदी के किनारे बंमरघाट में बाघों की लड़ाई की सूचना मिलने पर पेट्रोलिंग कैंप के श्रमिकों के दल द्वारा वन क्षेत्र में गत शुक्रवार की रात में बाघिन का शव देखा गया। घटना स्थल पर अधिक मात्रा में खून और लड़ाई के स्पष्ट चिन्ह दिखाई दिए। वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रविवार की दोपहर में घटना स्थल की घेराबंदी कराई और अपनी उपस्थिति में शव का परीक्षण कराया गया। मृत बाघिन के नाखून और दाँत यथावत मिले। इस मृत बाघिन के अवयवों के सैंपल एकत्रित करने के बाद बाघिन का शव दाह कर दिया गया।

### बंदर डायमंड प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण

**भोपाल।** खनिज साधन मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई विभागीय बैठक में बंदर डायमंड प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण हुआ। बैठक में विभागीय अधिकारी और एक्सेल माइनिंग एण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि छतरपुर जिले के 364 हेक्टेयर क्षेत्र में बंदर डायमंड प्रोजेक्ट में 34.20 मिलियन केरेट हीरों का भण्डार है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 55,049 करोड़ है। इस प्रोजेक्ट की नीलामी में उच्चतम बोली एक्सेल माइनिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की थी। गौरतलब है कि प्रोजेक्ट में खनन कार्य प्रारंभ होने के बाद प्रदेश को लगभग 23 हजार 632 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति होने की संभावना है। इसके साथ ही भारत हीरा उत्पादन में शीर्ष 10 देशों में शामिल हो जायेगा। बैठक में प्रमुख सचिव, खनिज साधन सुखवीर सिंह, संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म विनीत ऑस्टिन और अधीक्षण भौमिकीविद विनोद बागड़े भी उपस्थित रहे।

### मप्र अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी द्वारा 107 निकायों में रोड रेस्टोरेशन कार्य पूरा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी द्वारा विश्व बैंक, एशियन डेव्हलपमेंट बैंक, केएफडब्ल्यू और विशेष निधि की सहायता से 107 नगरीय निकायों में जल-प्रदाय एवं मल-जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क के रेस्टोरेशन के लिये मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी द्वारा 12 जनवरी से 15 फरवरी तक रोड रेस्टोरेशन अभियान चलाया गया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा भी विगत दिनों समीक्षा बैठक में निर्देश दिये गये थे कि आम नागरिकों की सुविधा का विशेष तौर पर ध्यान रखते हुए समय पर कार्य न करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

### मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में मेडिकल ऑफिसर के 727 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू

**भोपाल।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने मेडिकल ऑफिसर के 727 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए हैं। ऑनलाइन आवेदन का लिंक आज एमपी ऑनलाइन पर एक्टिवेट कर दिया गया। एमपीपीएससी की मेडिकल ऑफिसर में आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थी अब मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.mppsc.nic.in या mponline.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### कर्मचारियों का डीए 13 फीसदी तक बढ़ाने की तैयारी

**भोपाल ।** शिवराज सरकार ने नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव से ठीक पहले कर्मचारी और किसान जैसे बड़े तबके को साधने पर फोकस किया है। अगामी वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट में सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता 13 फीसदी तक बढ़ाने का प्रावधान करने की तैयारी है। वित्त विभाग ने सभी विभागों से जानकारी बुलाकर 25 फीसदी डीए करने के हिसाब से होमवर्क कर लिया है। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लेना है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि शिवराज सरकार विधानसभा में 2 मार्च को बजट पेश कर सकती है। इसमें किसानों के लिए बड़ी घोषणाएं करने की तैयारी कर ली है। मोदी सरकार ने किसानों को सालाना 6 हजार रुपए सम्मान निधि देने की योजना पिछले साल शुरु की थी। शिवराज सरकार ने इसे मध्य प्रदेश में इसे बढ़ाकर 4 हजार रुपए बढ़ा कर 10 हजार रुपए कर दी थी। मध्य प्रदेश सरकार अब इसे अगले एक साल के लिए बढ़ाने जा रही है। इसके अलावा किसानों को 0 फीसदी ब्याज पर शॉर्ट टर्म लोन (अल्पावधि ऋृण) की योजना को भी निरंतर करने का निर्णय लिया गया है। इससे सरकार पर 800 करोड़ का सालाना भार आएगा।

### पंचायत चुनाव का पहला चरण बोर्ड परीक्षा के पहले

**भोपाल ।** राज्य निर्वाचन आयोग अप्रैल में नगरीय निकाय चुनाव कराने के बाद पंचायत चुनाव करा सकता है। इसका पहला चरण स्कूलों की बोर्ड परीक्षा के पहले हो सकता है। प्रदेश में लगभग 23 हजार पंचायतों का कार्यकाल एक साल पहले समाप्त हो चुका है। ग्राम, जनपद व जिला पंचायत के चुनाव कराए जाने हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दुर्गविजय सिंह के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं 30 अप्रैल से 18 मई तक होंगी। इस दौरान बूथ बनाने के लिए स्कूल नहीं मिलेंगे और शिक्षक भी परीक्षाओं में ड्यूटी में रहेंगे। पंचायत चुनाव तीन चरण में कराए जाने हैं। आयोग 30 अप्रैल के पहले इसका पहला चरण कराने की तैयारी में है। बचे हुए दो चरण 18 मई के बाद और मानसून आने के पहले करवाए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने माशिमं से बोर्ड परीक्षाओं के बारे में अधिकृत जानकारी मांगी है। इसके अनुसार ही वह चुनाव संबंधी अपनी तैयारी करेगा।